# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- coe.rmpssu@gmail.com

पत्रांकः–सी0ओ0ई0 / 785 / 2025   दिनांकः– 07 नवम्बर, 2025

**सेवा में,**

**प्राचार्य / प्राचार्या,**
**समस्त महाविद्यालय,**
**संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,**
**अलीगढ।**

विषयः सत्र् 2025–26 विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा के सम्बन्ध में।

**महोदय / महोदया,**

मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 06.11.2025 को प्रयोगात्मक परीक्षा की बैठक में निर्णय लिया गया " सत्र् 2025–26 विषम सेमेस्टर की होने वाली प्रयोगात्मक परीक्षाओं में वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षकों की सूची विश्वविद्यालय के अध्ययन परिषद (BOS) के संयोजकों द्वारा तैयार की जायेगी जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय एवं शासकीय महाविद्यालयों के शिक्षक जिनको कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो, से वाह्य परीक्षक के रूप में कार्य लिया जायेगा। ऐसे सम्बद्ध समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालय जिनका विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षकों का अनुमोदन किया जा चुका है तथा कम से कम तीन वर्षों से उस महाविद्यालय में अध्यापन कार्य कर रहे हों को ही आन्तरिक परीक्षक के रूप में कार्य लिया जायेगा। स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों की स्थिति स्पष्ट करने के लिए सम्बन्धित महाविद्यालयों से रू0 100 के नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र सहित शिक्षकों के नाम, आधार संख्या, मोबाइल नं0, पैन कार्ड संख्या एवं फोटोग्राफ सहित सूची दिनांक 12.11.2025 तक अनिवार्य रूप से परीक्षा नियत्रंक कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सत्र् 2025–26 विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाऐं दिनांक 18.11.2025 से दिनांक 30.11.2025 तक सम्पन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया।

अतः उक्त निर्णय के क्रम में समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालय दिनांक 12.11.2025 तक रू0 100 के नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र सहित शिक्षकों के नाम, आधार संख्या, मोबाइल नं0, पैन कार्ड संख्या एवं फोटोग्राफ सहित सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

07-11-2025

**परीक्षा नियत्रंक**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. गार्ड फाईल।

**परीक्षा नियत्रंक**

RT